प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 20.03.2025

# महोबा पुलिस


मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 20.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 20.03.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

होली त्यौहार के दृष्टिगत एक लम्बे अन्तराल के बाद आज दिनांकः- 20.03.2025 को खुल रहे बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।



## थाना अजनर की पुलिस टीम ने
## 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में त्यौहारों को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 20.03.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजनर उ0नि0 श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित की गयी उ0नि0 आकाश मौर्य मय हमराह कां0 भरत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त मन्नी अहिरवार पुत्र बालकिशन अहिरवार उम्र करीब 64 वर्ष निवासी ग्राम बुधवारा थाना अजनर जनपद महोबा सम्बन्धित सी0पी0नं0 21713/2023 व 151/2023 धारा 60 आबकारी अधिनियम में मा0 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को ग्राम बुधवारा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेसी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

मन्नी अहिरवार पुत्र बालकिशन अहिरवार उम्र करीब 64 वर्ष निवासी ग्राम बुधवारा थाना अजनर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 आकाश मौर्य
2. का0 भरत सिंह



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 20.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अग्निशमन टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली नगर क्षेत्रअन्तर्गत घनी आबादी वाले घर में लगी हुई आग पर पाया काबू, स्थानीय लोगों ने की प्रशंसा...।

आज दिनांक- 20.03.2025 को अग्निशमन टीम महोबा को सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्रअन्तर्गत भीड़भाड़ वाले मोहल्ले नया पुरा नैकाना के पास अवस्थित एक घर में गैस सिलेंडर में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई।

इस सूचना पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महोबा श्री देवेश तिवारी के नेतृत्व में अग्निशमन टीम तत्काल समुचित तैयारियों से सुसज्जित होकर फायर स्टेशन महोबा से 02 फायर टेण्डर के साथ घटना स्थल के लिये रवाना हो गई, मौके पर पहुंचकर देखा तो पाया गया कि घर इस्तेमाल की जाने वाली गैस सिलेंडर में आग लगी हुई है, जो कभी भी विकराल रुप ले सकती है। इस पर अग्निशमन टीम द्वारा त्वारित कार्यवाही करते हुए फायर टेण्डर से पपिंग करके आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया व एक बड़ी घटना को होने से रोक लिया गया। अग्निशमन टीम की तत्परता से किसी प्रकार की कोई जानहानि नहीं हो पायी। स्थानीय लोगो ने अग्निशमन टीम महोबा की तत्परता पूर्ण की गई इस त्वरित कार्यवाही की जमकर प्रशंसा की है।







## मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत "परिवार परामर्श केन्द्र" कमेटी के सदस्यों ने परिवार को बिखरने से बचाया, परिवार में लौटी खुशियां-

आज दिनांक- 20.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन पर पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में "परिवार परामर्श केन्द्र" कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी महिला थाना सुषमा चौधरी की अध्यक्षता में समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें पति-पत्नी के 09 ऐसे जोड़े जिनके बीच पारस्परिक परिवारिक विवाद चल रहा था, उनकी काउंसिलिंग की गयी एवं उनके मध्य संबंधित समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के निदान हेतु काउंसिलिंग/परामर्श कर उनकी समस्याओं को सुलझाया गया जिसके परिणामस्वरुप पति-पत्नी का 01 जोड़ा आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हुआ है, शेष को अगली तिथि में बुलाया गया है, जनपद महोबा पुलिस एवं परिवार परामर्श केन्द्र के सदस्यों के द्वारा किये गये सफल प्रयासों की सभी के परिवारीजनों ने धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

परिवार परामर्श के दौरान म0का0 रेखा देवी, म0का0 अनुप्रिया, म0का0 रुमन सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर क्रमशः श्रीमती डा0 विभा पुरवार, श्री रामजी गुप्ता, श्री शिवकुमार गोस्वामी, श्री मो0 हनीफ आदि सम्मानित सदस्यगणों की मौजूदगी सराहनीय रही ।

